भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 1534**

जिसका उत्तर 15.12.2022 को दिया जाना है

**सड़कों की मरम्मत**

1534. श्री अबू ताहेर खान:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सीमा-सड़कों की खस्ताहाल स्थिति की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाय किए जा रहे हैं; और

(ग) उक्त सड़कों की कब तक मरम्मत किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) चार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले से गुजर रहे हैं। एनएच के इन खंडों का विवरण उनकी वर्तमान स्थिति और किए जा रहे उपचारात्मक उपायों के साथ नीचे दिया गया है:-

| एनएच संख्या | वर्तमान स्थिति और किए जा रहे उपचारात्मक उपाय। |
|---|---|
| एनएच-60 (नया एनएच-14) | मोरग्राम के पास 2 किमी की लंबाई क्षतिग्रस्त है। इस खंड का पुनर्निर्माण कार्य प्रगति पर है। |
| एनएच-116ए | यह एक नया घोषित एनएच है। एनएचएआई ग्रीन फील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए डीपीआर तैयार कर रहा है। सड़क की मरम्मत और रखरखाव राज्य सरकार द्वारा देखा जा रहा है। |
| एनएच-34 (नया एनएच-12) | मुर्शिदाबाद जिले में 27 किलोमीटर में से 21.57 किलोमीटर की लंबाई में 4 लेन का काम पूरा हो चुका है और यह अच्छी स्थिति में है। शेष 5.54 किमी की लंबाई 2-लेन है और यह भी अच्छी स्थिति में है। |
| एनएच-312 | यह एक नया घोषित एनएच है लेकिन मंत्रालय की किसी भी कार्यान्वयन एजेंसी को नहीं सौंपा गया है क्योंकि राज्य सरकार से एनओसी का इंतजार है। सड़क की मरम्मत और रखरखाव राज्य सरकार द्वारा देखा जा रहा है। |

*****